सत्यमेव जयते

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)–द्वितीय, मध्यप्रदेश

OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL (A&E)-II, Madhya Pradesh

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

क्रमांक/प्रशासन(ले.एवं हक)/ए.जी.एम.पी./प्रतिनि./स.ले.अ. विधि/2022–23/60 दिनांकः–04.05.2022

परिपत्र

विषयः– सहायक लेखा अधिकारी, विधि (Legal) के पद को प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने हेतु।

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)–द्वितीय, मध्य प्रदेश, ग्वालियर में वेतन बैण्ड-II रु 9300–34800 एवं ग्रेड वेतन रु 4800/– (7वें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स लेवल–08) के वेतनमान में सहायक लेखा अधिकारी/विधि कक्ष (Legal cell) का एक पद मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना है। भारत सरकार के द्वारा प्रतिनियुक्ति हेतु समय–समय पर जारी आदेशों के अंतर्गत एवं जारी सामान्य शर्तो के आधार पर सहायक लेखा अधिकारी/विधि कक्ष (Legal cell) के पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। उक्त प्रतिनियुक्ति पद दिनांक 28.02.2023 तक के लिये मान्य होगा।

प्रतिनियुक्ति हेतु पात्रताः

पदनामःसहायक लेखा अधिकारी, विधि (Legal)
वेतन बैंड-II रु 9300–34800 एवं ग्रेड वेतन रु 4800/–(7वें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स लेवल–08)

(क) वृत्तिक अर्हताएंः– मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से एल.एल.बी. में स्नातक (भारत या विदेश से)

(ख) 1. अर्हक योग्यताः– सहायक लेखाअधिकारी के पद पर कार्यरत।

या

2. एस.ए.एस. पास वरिष्ठ लेखाकार।

आवेदनकर्ता जो उपरोक्त योग्यता/शर्ते पूरी करते है वे अपने आवेदन व्यक्तिगत विवरण के साथ अपने कार्यालय के माध्यम से संलग्न प्रपत्र में भरकर विगत 05 वर्षो से सत्यापित वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कोई विभागीय/सर्तकता/आपराधिक प्रकरण लम्बित/परिचालित न होने के प्रमाण पत्र सहित अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 20.05.2022 तक प्रेषित कर सकते है।

हस्ता/–
वरि. उप महालेखाकार/प्रशासन

क्रमांक/प्रशासन(ले.एवं हक)/ए.जी.एम.पी./प्रतिनि./स.ले.अ. विधि/2022–23 10-65 दिनांकः– 05/05/2022
प्रतिलिपि 1. (ई–मेल) समस्त भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के कार्यालय

5/5/2022
वरि. लेखा अधिकारी/प्रशासन

Address : Lekha Bhawan, Jhansi Road, Gwalior-474002
Phone : 0751-2323968
FAX : 0751-2432194

पता : लेखा भवन, झांसी रोड, ग्वालियर–474002
दूरभाष : 0751–2323968
फैक्स : 0751–2432194